# महावीर तुमने बड़ा उपकार किया | By Kumaar Mukesh

महावीर.... महावीर.......

हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण।
हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण॥

जबसे लगन लगाई तुमसे,
तुमने प्रभु हमें तार दिया।
सही मार्ग पर चलना सिखाकर,
तुमने बड़ा उपकार किया॥

हे जिनवर.... तीर्थंकर.....

मेरे अंतर्मन में जिनवर,
नाम तुम्हारा बसता है।
परिवार पर हे तीर्थंकर,
हाथ सदा तू रखता है।
मुझको अपनी शरण में लेकर,
मुझको हमेशा प्यार दिया।
सही मार्ग पर चलना सिखाकर,
तुमने बड़ा उपकार किया॥

हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण।
हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण॥

जन-जन के मन में बसते हो तुम,
तुम मुक्ति का रास्ता हो।
जो भी रहता चरण-शरण में,
बनके साथी रहते हो।
थामे रखना हाथ हमारा,
तुमसे ये जीवन बाँध लिया।
सही मार्ग पर चलना सिखाकर,
तुमने बड़ा उपकार किया॥

हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण।
हे जिनवर भगवान, करो सदा कल्याण॥

जबसे लगन लगाई तुमसे,
तुमने प्रभु हमें तार दिया।
सही मार्ग पर चलना सिखाकर,
तुमने बड़ा उपकार किया॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%89%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95/